



# अखंड भारत समाचार

बुधवार,21 जनवरी 2026




# बड़ी खबरें



## स्विट्ज़रलैंड जा रहे थे ट्रंप... अचानक एयर फोर्स वन विमान में आ गई गड़बड़ी, जानें पूरा मामला



### भगवान मुरुगन के विश्वविख्यात मंदिर में डॉ. ए. अंगप्पन @ अरुण जी ने की विशेष पूजा-अर्चना

। *पलानी / तमिलनाडु।*
देवर समूह की कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, विधिक जागरूकता संघ के राज्य सचिव तथा अखिल भारतीय युवा विकास संघ के राष्ट्रीय उप-सचिव **डॉ. ए. अंगप्पन @ अरुण जी** ने भगवान मुरुगन के विश्व के सबसे बड़े एवं प्रसिद्ध मंदिर में विधिवत विशेष पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर डॉ. ए. अंगप्पन @ अरुण जी ने भगवान मुरुगन से देश में शांति, समृद्धि, सामाजिक सद्भाव एवं युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुई इस पूजा में उन्होंने समाज के सर्वांगीण विकास, न्याय, धर्म और नैतिक मूल्यों की स्थापना हेतु प्रार्थना की।

पूजा-अर्चना के पश्चात डॉ. ए. अंगप्पन @ अरुण जी ने कहा कि भगवान मुरुगन शक्ति, साहस, ज्ञान और सेवा के प्रतीक हैं। उनके आदर्श आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

मंदिर प्रशासन एवं श्रद्धालुओं ने डॉ. ए. अंगप्पन @ अरुण जी का आत्मीय स्वागत किया। इस धार्मिक अवसर पर अनेक श्रद्धालु एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

पूजा के उपरांत मंदिर के पुजारियों द्वारा उन्हें प्रसाद एवं आशीर्वाद प्रदान किया गया।

यह धार्मिक यात्रा न केवल आध्यात्मिक आस्था का प्रतीक रही, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा, सेवा भावना और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का संदेश भी देती है।



स्विट्ज़रलैंड जा रहे ट्रंप के विमान एयर फोर्स वन में आई तकनीकी समस्या(Photo: AP)

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आधिकारिक विमान एयर फोर्स वन को उड़ान भरने के बाद मामूली इलेक्ट्रिकल समस्या के कारण जॉइंट बेस एंड्रयूज़ लौटना पड़ा. व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार रात इस बात की पुष्टि की कि टेकऑफ के तुरंत बाद विमान के एक इलेक्ट्रिकल सिस्टम में असाधारण स्थिति देखी गई. हालांकि यह कोई गंभीर इमरजेंसी स्थिति नहीं थी, लेकिन सुरक्षा के लिहाज से विमान को वापस लाने का फैसला किया गया.व्हाइट हाउस के बयान में कहा गया कि एयर फोर्स वन सुरक्षित तरीके से वापस आधार पर पहुंच गया है और राष्ट्रपति ट्रंप सहित विमान में मौजूद सभी लोग पूरी तरह से सुरक्षित हैं..

एयर फोर्स वन को विश्व के सबसे सुरक्षित विमानों में गिना जाता है और इसके तकनीकी और सुरक्षा मानकों पर बहुत कड़ाई से पालन किया जाता है. इसलिए किसी भी छोटी तकनीकी समस्या को भी हल्के में नहीं लिया जाता और तत्परता से कार्रवाई की जाती है. इस मामले में भी सुरक्षा सर्वोपरि रही

व्हाइट हाउस ने साफ किया है कि इस तकनीकी खराबी का राष्ट्रपति की सुरक्षा या स्विट्ज़रलैंड की यात्रा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा. आगे के लिए एयरफोर्स वन की तकनीकी जांच भी की जाएगी ताकि भविष्य में इस तरह की समस्याओं से बचा जा सके.



## प्रयागराज में टू सीटर एयरक्राफ्ट क्रैश, लोगों ने पायलट को बचाया, हेलीकॉप्टर लेकर पहुंची सेना

संगम नगरी में बुधवार दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक टू-सीटर माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट अचानक अनियंत्रित होकर केपी कॉलेज के पीछे स्थित तालाब में जा गिरा। तकनीकी खराबी के कारण हुए इस हादसे ने एक पल के लिए सबको दहला दिया, लेकिन राहत की बात यह रही कि दोनों पायलट सुरक्षित हैं। हादसे के वक्त मौके पर मौजूद सुरेंद्र कुमार ने बताया कि उन्होंने आसमान में विमान को अजीब तरह से लड़खड़ाते हुए देखा। अगले ही पल विमान से दो पैराशूट खुलते दिखाई दिए और दोनों पायलट विमान के गिरने से पहले ही हवा में तैरने लगे। जैसे ही विमान तालाब के बीचों-बीच जोरदार धमाके के साथ गिरा, आसपास मौजूद लोग उधर दौड़ पड़े। तालाब में पानी होने की वजह से विमान में आग नहीं लगी, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

# नितिन नबीन ने विनोद तावड़े को सौंपा सबसे मुश्किल टास्क, बिहार की तरह केरल में खिला पाएंगे कमल?



केरल में अप्रैल-माई में विधानसभा चुनाव होने हैं. नितिन नबीन ने बीजेपी की कमान संभालते ही केरल चुनाव की जिम्मेदारी विनोद तावड़े को सौंप दी है. बिहार की चुनावी जंग जिताने वाले विनोद तावड़े क्या केरल में कमल खिला पाएंगे, क्योंकि बिहार से अलग केरल का मिजाज है.

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की कुर्सी नितिन नबीन ने ऐसे समय संभाली है, जब पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम, पुदुचेरी और केरल में होने वाले विधानसभा चुनाव की सियासी सरगर्मी तेज है. इनमें से किसी भी राज्य में बीजेपी के लिए चुनावी लड़ाई आसान नहीं है. नितिन नबीन ने अपनी ताजपोशी के साथ पांच राज्यों में होने वाले चुनाव के लिए ताबड़तोड़ फैसले लेने शुरू कर दिए हैं. नितिन नबीन ने बीजेपी के लिए सबसे मुश्किल माने जाने वाले केरल विधानसभा चुनाव की कमान विनोद तावड़े को सौंपी तो साथ ही चंडीगढ़ मेयर चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है. उनके साथ शोभा करंदलाजे को सह प्रभारी बनाया गया है. ऐसे में सवाल उठता है कि विनोद तावड़े बिहार की तरह ही केरल में भी कमल खिला पाएंगे?

वहीं, आशीष शेलार को तेलंगाना नगर निकाय चुनाव का प्रभारी नियुक्त किया है. उनके साथ अशोक परनामी व रेखा शर्मा को सह प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है. इसके अलावा वरिष्ठ नेता राम माधव को ग्रेटर बेंगलुरु निकाय चुनाव का प्रभारी नियुक्त किया गया है तो सतीश पुनिया और संजय उपाध्याय को सह प्रभारी का दातित्व सौंपा है

मिशन साउथ के तहत बीजेपी दक्षिण भारत के तमाम राज्यों में अपनी सियासी जमीन तलाश रही है. फिर चाहे तमिलनाडु हो या फिर केरल विधानसभा चुनाव का मैदान. पीएम मोदी समेत तमाम बड़े नेताओं की नजर इन राज्यों पर टिकी है. ऐसे में बीजेपी अध्यक्ष नितिन नबीन ने केरल की चुनावी जंग को फतह करने के लिए बिहार चुनाव जिताने वाले विनोद तावड़े को सौंपी है, उन्हें विधानसभा चुनाव का प्रभारी बनाया है और साथ ही कर्नाटक से आने वाली .

## संपत्ति विवाद: बेटे की हुई रहस्यमयी मौत, बहू ने शोक के 13 दिन में किया सारा खेल, संजय कपूर की मां का आरोप

८० साल की रानी कपूर ने प्रिया सचदेव पर बड़ा आरोप लगाया कि प्रिया ने उनके दिवंगत बेटे संजय को हेराफेरी करने के लिए उकसाया और धोखा दिया. रानी कपूर ने अपने नाम से बने फैमिली ट्रस्ट- रानी कपूर फैमिली ट्रस्ट को 'धोखाधड़ीपूर्ण' बताया. मुकदमे में आरोप लगाया गया कि प्रिया सचदेव ने अन्य लोगों के साथ मिलकर साजिश रची.
दिवंगत बिजनेसमैन संजय कपूर कि ३० हजार करोड़ रुपये की संपत्ति पर विवाद अभी तक चल रहा है. इस मामले में एक बड़ा मोड़ आया है. संजय की मां रानी कपूर ने दिल्ली हाई कोर्ट में नया मुकदमा दायर किया है. रानी कपूर ने 'रानी कपूर फैमिली ट्रस्ट' की वैधता को चुनौती दी है. इसी के साथ उन्होंने अपनी बहू और संजय कपूर की तीसरी पत्नी प्रिया कपूर सचदेव पर भी बड़े आरोप लगाए हैं.






८० साल की रानी कपूर ने प्रिया सचदेव पर बड़ा आरोप लगाया कि प्रिया ने उनके दिवंगत बेटे संजय को हेराफेरी करने के लिए उकसाया और धोखा दिया. रानी कपूर ने अपने नाम से बने फैमिली ट्रस्ट- रानी कपूर फैमिली ट्रस्ट को 'धोखाधड़ीपूर्ण' बताया. मुकदमे में आरोप लगाया गया कि प्रिया सचदेव ने अन्य लोगों के साथ मिलकर साजिश रची, जिससे रानी कपूर को अपनी पारिवारिक संपत्ति से वंचित कर दिया गया.

## पाकिस्तान टी-20 वर्ल्ड कप मामले में बांग्लादेश के पक्ष में कूदा, ICC को लिखा पत्र... क्या विवाद और बढ़ेगा?



ICC मेन्स T20 वर्ल्ड कप 2026 में बांग्लादेश के हिस्सा लेने पर आखिरी फैसला लेने से एक दिन पहले, PCB ने ICC गवर्निंग बॉडी को लिखा कि वह पड़ोस में राजनीतिक उथल-पुथल के समय भारत में नहीं खेलने के BCB के रुख का समर्थन करता है. एक रिपोर्ट में बताया गया है कि PCB ने इसमें ICC बोर्ड के सदस्यों की भी कॉपी की है
बांग्लादेश के टी20 वर्ल्ड कप में भारत में खेलने को लेकर चल रही संस्पेस भरी सिचुएशन में अब पाकिस्तान भी कूद पड़ा है. इससे पहले कुछ रिपोर्ट में यह दावा किया या था कि पाकितान ने इससे किनारा कर लिया है. लेकिन अब क्रिकइंफो की ताजा रिपोर्ट में मामला एकदम उलट हो चला है.
दरअसल, इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) के टी20 वर्ल्ड कप 2026 में बांग्लादेश की भागीदारी पर अंतिम फैसला लेने से ठीक एक दिन पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने बड़ा कदम उठाया है. PCB ने आईसीसी को पत्र लिखकर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) के उस रुख का समर्थन किया है, जिसमें उसने मौजूदा राजनीतिक तनाव के बीच भारत में खेलने से इनकार किया था.

# धुरंधर के बाद बॉर्डर 2 में होगी अक्षय खन्ना की एंट्री? प्रोड्यूसर निधि दत्ता ने तोड़ी चुप्पी



90 के दशक की मशहूर फिल्म बॉर्डर का सीक्वल बॉर्डर 2 जल्द रिलीज होने वाला है. फिल्म में अक्षय खन्ना की एंट्री को लेकर अफवाहें उड़ीं, लेकिन प्रोड्यूसर निधि दत्ता ने साफ किया कि अक्षय खन्ना फिल्म से जुड़े नहीं हैं.

90 के दशक के लोगों के लिए बॉर्डर महज एक फिल्म नहीं, बल्कि इमोशन है. यही वजह है कि फैन्स बेसब्री से बॉर्डर 2 का इंतजार कर रहे हैं. फिल्म रिलीज होने में बस दो दिन का समय बचा है. इससे पहले उड़ती-उड़ती खबरें आईं हैं कि फिल्म में अक्षय खन्ना की भी एंट्री होने वाली है. सारी अफवाहों पर प्रोड्यूसर निधि दत्ता ने चुप्पी तोड़ी है.
जेपी दत्ता की बड़ी बेटी निधि, बॉर्डर की विरासत को अपने पापा जितने ही जोश और इमोशन से आगे बढ़ा रही हैं, जिन्होंने इंडियन सिनेमा में इतिहास रचा. फिल्म में लोग अक्षय खन्ना की एंट्री को लेकर कन्फ्यूज्ड हैं. लेकिन निधि ने इस बारे में बात करके सभी के कंफ्यूजन को दूर कर दिया है. धुरंधर एक्टर बॉर्डर 2 से नहीं जुड़े हैं.


बॉर्डर 2 का पहला गाना 'घर कब आओगे' 2 जनवरी को जैसलमेर के लोंगेवाला और तनोट में लॉन्च हुआ. ऑफिशियल ऑडियो-विजुअल ट्रैक बीएसएफ ऑफिसर्स, उनकी फैमिली और हजारों फैंस के बीच प्रीमियर हुआ. गाने के एक पार्ट में यूजर्स ने एक एक्टर नोटिस किया, जो अक्षय जैसा लग रहा था. धुरंधर स्टार को बड़े पर्दे पर वापस देखने की उम्मीद में फैंस ने सोचा कि वो स्पेशल अपीयरेंस देंगे.

लेकिन वो अक्षय जैसा दिखने वाला कोई और एक्टर था. संयोग से दोनों काफी मिलते-जुलते हैं. धुरंधर की धांसू सक्सेस के बीच फैंस का बॉर्डर फ्रैंचाइजी में उनका कमबैक चाहना नेचुरल है. लेकिन ऐसा होने वाला नहीं है. वो फिल्म में नहीं दिखेंगे.

# Stock Market Crash: आज फिर शेयर बाजार क्रैश, 3 दिन में ₹15 लाख करोड़ स्वाहा... जानिए कारण



जिसका डर था वही हुआ, जी हां डोनाल्ड ट्रंप के लगातार टैरिफ अटैक (Trump Tariff Attack) के चलते दुनियाभर के शेयर बाजारों में हाहाकार मचा हुआ है. सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन भी एशियाई बाजार ओपनिंग के साथ ही धड़ाम नजर आए, जिससे भारतीय शेयर बाजार के लिए निगेटिव सिग्नल मिल रहे थे. हालांकि, सेंसेक्स-निफ्टी (Sensex-Nifty Crash) ने बुधवार को सुस्त शुरुआत की, लेकिन फिर घंटेभर बाद ये सुस्ती बड़ी गिरावट में तब्दील हो गई. BSE Sensex दिन के हाई लेवल एक झटके में करीब 1100 अंक तक टूट गया. दूसरी ओर NSE Nifty में भी तगड़ी गिरावट आई. हालांकि, इस लेवल तक गिरने के बाद इंडेक्स में रिकवरी भी देखने को मिली है.
सेंसेक्स-निफ्टी फिर हुए धड़ाम



सेंसेक्स की तरह ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी इंडेक्स भी नजर आया और दिन के हाई लेवल से 358 अंक तक टूट गया. Nifty-50 अपने पिछले बंद 25,232 के मुकाबले फिसलकर 25,141 के लेवल पर ओपन हुआ था और फिर 25,277 का लेवल छूने के बाद टूटकर 24,919 के स्तर पर कारोबार करता हुआ दिखाई दिया.



# देरी से पहुंचे संसद तो सांसदों की कट जाएगी हाजिरी, सैलरी से भी धोना पड़ेगा हाथ

संसद के बजट सत्र में लोकसभा सचिवालय सांसदों की हाजिरी को लेकर एक नई शुरुआत करने जा रहा है। अब सांसदों की हाजिरी सदन के भीतर सीट पर बैठकर ही डिजिटल तरीके से लग पाएगी। यदि कोई सांसद देरी से सदन में पहुंचता है और तब तक हंगामे या किसी और वजह से सदन दिनभर के लिए स्थगित हो जाता है तो फिर माननीय की उस दिन की हाजिरी नहीं लग पाएगी। उन्हें एक दिन के वेतन-भत्ते से हाथ धोना पड़ेगा।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हम यह प्रावधान करने जा रहे हैं कि सदन में पहुंचकर ही हाजिरी लगाई जा सकेगी। अभी तक सदन के बाहर हाजिरी के लिए जो रजिस्टर होता था, अब उसे हटा देंगे। ऐसे सांसद जो रजिस्टर में हाजिरी लगाकर चले जाते थे, या सदन स्थगित होने के बाद पहुंचते थे, उनके लिए मुश्किल होगी। उन्हें सदन में जाना ही होगा। उन्होंने कहा कि संसद की कार्यवाही डिजिटल हो चुकी है। अब उसमें एआई का इस्तेमाल परीक्षण के तौर पर चल रहा है। इसमें काफी निगरानी और सावधानी की जरूरत है।

# डॉ. ए. अंगप्पन (@अरुण): सेवा, संस्कृति और संकल्प से सशक्त होता सामाजिक नेतृत्व



डॉ. ए. अंगप्पन (@अरुण) आज एक ऐसे सामाजिक नेतृत्व के रूप में सामने आए हैं, जिनकी पहचान राष्ट्रहित में समर्पित सोच और जमीनी स्तर पर सक्रिय जनसेवा से जुड़ी हुई है। वे हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़े रहते हैं और निजी संसाधनों से जनकल्याण कार्यों में निरंतर योगदान देते हुए जरूरतमंदों के सच्चे सेवक के रूप में पहचाने जा रहे हैं।

डॉ. अंगप्पन का दृढ़ विश्वास है कि जब तक समाज का अंतिम व्यक्ति सशक्त नहीं होगा, तब तक देश का समग्र विकास संभव नहीं है। इसी विचारधारा के साथ उन्होंने समाजसेवा को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया है और वंचितों, गरीबों तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं।

भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और परंपराओं के प्रति गहरी आस्था रखते हुए डॉ. अंगप्पन आधुनिक, विकासोन्मुख और प्रगतिशील सोच को समान रूप से अपनाते हैं। उनका मानना है कि परंपरा और आधुनिकता का संतुलन ही समाज को मजबूत, आत्मनिर्भर और दीर्घकालिक रूप से सशक्त बनाता है।

शिक्षा, सामाजिक जागरूकता, विधिक चेतना और मानवीय सहायता के क्षेत्र में डॉ. ए. अंगप्पन का योगदान उल्लेखनीय रहा है। विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और पहलों के माध्यम से वे जरूरतमंद और कमजोर वर्गों तक सहायता पहुँचाने का कार्य लगातार कर रहे हैं।

देवर ग्रुप ऑफ कंपनी के CEO, लीगल अवेयरनेस एसोसिएशन के राज्य सचिव तथा ऑल इंडिया यूथ डेवलपमेंट एसोसिएशन के राष्ट्रीय उप सचिव के रूप में डॉ. अंगप्पन सामाजिक, शैक्षणिक और राष्ट्रीय सरोकारों से जुड़े कार्यों को जिम्मेदारी, पारदर्शिता और दूरदर्शिता के साथ आगे बढ़ा रहे हैं।

युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत

डॉ. ए. अंगप्पन (@अरुण) की कार्यशैली, समर्पण और राष्ट्रसेवा की भावना आज युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन रही है। उनका स्पष्ट संदेश है कि जब नेतृत्व सेवा भाव से प्रेरित हो, तभी सांस्कृतिक मूल्यों और आधुनिक सोच के समन्वय से सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव है।

# दिल्ली के कई इलाकों में आज और कल नहीं आएगा पानी, अभी कर लें स्टोर; जल बोर्ड ने बताई वजह

दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने वार्षिक सफाई कार्यक्रम के तहत अंडरग्राउंड रिजर्वोयर और बूस्टर पंपिंग स्टेशनों की फ्लशिंग के कारण 21 और 22 जनवरी को दिल्ली के पश्चिमी और उत्तर-पश्चिमी इलाकों में पानी की आपूर्ति प्रभावित होने की जानकारी दी है। यह सफाई कार्य नियमित रखरखाव का हिस्सा है, जिससे पानी की गुणवत्ता बेहतर बनी रहे। प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों को पहले से पर्याप्त पानी स्टोर करने की सलाह दी गई है।

21 जनवरी को प्रेम कुंज के आसपास के इलाकों में पानी की सप्लाई प्रभावित रहेगी, जबकि 22 जनवरी को नांगलोई, रणहोला गांव, मोहन गार्डन, उत्तम नगर, सैनिक एनक्लेव, मुंडका, पश्चिम विहार, हिरान कुडना, राजधानी पार्क, मित्रां विलेज, जहांगीरपुरी, बदुसराय, छावला आदि कई कॉलोनियां और गांव प्रभावित होंगे।





इन क्षेत्रों में पानी कम दबाव पर आएगा या पूरी तरह बंद हो सकता है। डीजेबी ने क्षेत्रवार अलग-अलग हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं, जैसे नांगलोई-मुंडका के लिए 8929088540, 18001217744, मटियाला क्षेत्र के लिए 9650288663 आदि पर संपर्क कर सकते हैं।